Chapter 03 पादप जगत (Plant Kingdom)

NEET-FLASHBACK

Q.1 निम्नलिखित कथनों (A - E) को पढ़िए और अग्र लिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए : **[NEET-UG-2013]**

A: लिवरवर्ट (यकृत काय) मॉस और फर्न में युग्मकोद्भिद् स्वतंत्र जीवी होता है

B: अनावृतबीजी और कुछ फर्न विषमबीजाणुक होते है

C: *फ्यूकस, वाल्वॉक्स* और *एल्बूगो* में लैगिंक प्रजनन विषमयुग्मकी होता है

D: लिवरवर्ट (यकृत काय) का बीजाणुद्भिद मॉस के बीजाणुद्भिद् से अधिक विस्तृत होता है

E: *पाइनस* और *मार्केंशिया* दोनों एकलिंगाश्रयी होते है

उपरोक्त में से कितने कथन सही है ?

(1) चार (2) एक (3) दो (4) तीन

Q.2 नील हरित शैवाल (सायनो बैक्टीरिया) धान के खेतों के अलावा किसके कायिक भाग के अन्दर भी पाये जाते है : **[NEET-UG-2013]**

(1) *साइलोटम* (2) *पाइनस*

(3) *सायकस* (4) *इक्वीसीटम*

Q.3 समयुग्मकी अवस्था में कशाभिकी युग्मक पाये जाते है? **[NEET-UG-2013]**

(1) *फ्यूकस* में (2) *क्लेमाइडोमोनास* में

(3) *सायकस* में (4) *स्पाइरोगायरा* में

Q.4 गलत कथन को चुनिए: **[NEET-UG-2013]**

(1) *क्लेमाइडोमोनास* सयुग्मन और असमयुग्मन दोनों को दर्शाता है और *फ्यूकस* विषमयुग्मन को दर्शाता है

(2) समयुग्मक रचना, कार्य और व्यवहार में समान होते है

(3) असमयुग्मक रचना, कार्य या व्यवहार किसी में भी भिन्न होते है

(4) विषमयुग्मक में मादा युग्मक अपेक्षाकृत छोटा और चल होता है जबकि नर युग्मक बड़ा और अचल होता है

Q.5 निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है? **[AIPMT-2015]**

(1) *म्यूकर* में द्विकशाभिक चल बीजाणु होते है

(2) अगुणित भ्रूणपोष अनावृत्तबीजी पादपों का प्रारूपिक लक्षण है

(3) भूरे शैवालो में पर्णहरित a, c तथा फ्यूकोजेन्थिन होते है

(4) स्त्रीधानी, ब्रायोफाइटा, टेरिडोफाइटा और अनावृत्तबीजी पादपों में पायी जाती है

Q.6 नर युग्मक कशाभिकीय है ? **[AIPMT-2015]**

(1) *एक्टोकोर्पस* में (2) *स्पाइरोगायरा* में

(3) *पॉलिसाइफोनिया* में (4) *एनाबीना* में

Q.7 सही कथन को पहचानियें : **[NEET-I – 2016]**

(1) अनावृतबीजी समबीजाणुक तथा विषमबीजाणुक दोनों होते है।

(2) *साल्विया, गिंको* तथा *पाइनस* सभी अनावृतबीजीहै।

(3) *सिकोया* सबसे उच्चे वृक्षों में से एक है।

(4) अनावृतबीजीके पर्ण वातावरण के प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए अनुकुलित नहीं होती।

Q.8 शंकुधारी अत्यधिक प्रतिकूल वातावरणीय परिस्थतियों के लिए अनुकूलित होते है क्योंकि इनमें: **[NEET-II-2016]**

(1) मोटी क्यूटिकल होती है

(2) वाहिकायें उपस्थित होती है

(3) चौड़ी दृढ़ पर्ण होती है।

(4) विशिष्ट रन्ध्र पाये जाते है

Q.9 निम्न में से कौनसा **असत्य** है ? **[NEET-II – 2016]**

(1) एगार-एगार *जिलिडियम* तथा *ग्रेसिलेरिया* से प्राप्त होता है।

(2) *लेमिनेरिया* तथा *सारगैसम* भोजन के रूप में प्रयुक्त किये जाते है।

(3) शैवाल अपने समीप के वातावरण में घुली हुये ऑक्सीजन को बढ़ाते है।

(4) एल्जिन लाल शैवाल से प्राप्त होता है जबकि कैरागीन भूरे शैवाल से प्राप्त होता है।

Q.10 द्विनिषेचन पाया जाता है ? **[NEET-II – 2016]**

(1) अनावृत्तबीजी में (2) शैवाल में

(3) कवक में (4) आवृत्तबीजियों में

Q.11 निम्नलिखित में से बेमेल को चुनिए : **[NEET – 2017]**

(1) ***पाइनस*** – एकलिंगाश्रयी

(2) ***साइकस*** – एकलिंगाश्रयी

(3) ***साल्विनिया*** – विषमबीजाणु

(4) ***इक्वीसीटम*** – समबीजाणु

Q.12 युग्मनज अर्द्धसूत्री विभाजन किसका लक्षण है **[DELHI-2017]**

(1) *मार्केन्शिया* (2) *फ्यूकस*

(3) *फ्यूनेरिया* (4) *क्लेमाइडोमोनास*

Q.13 निवही शैवाल का उदाहरण है ? **[DELHI – 2017]**
(1) *क्लोरेला* (2) *वॉलवॉक्स*
(3) *यूलोथ्रिक्स* (4) *स्पाइरोगायरा*

Q.14 निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन करे या पहचानें? **[Gujarat – 20017]**
(1) शंकुवृक्षो(कोनिफर) में सूई के जैसी पत्तियाँ तापमान के चर में सीमा नमी संरक्षण और हवा के आक्रमण के अनुकूल होती है।
(2) चीड (Pine) की जडें उच्च कवक के साथ सहजीवी सम्बन्ध हेतु प्रवेश करती है।
(3) *सायकस* की प्रवाल जड़ों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण सायनोबैक्टीरिया द्वारा होता है।
(4) विशाल लाल लकड़ी का पेड़ *सिकोया* आवृतबीजीयों में सबसे ऊँचे पेड़ों में से एक है

Q.15 आवृतबीजी भ्रूणकोष के लिए क्या सत्य नहीं है ? **[Gujarat – 2017]**
(1) निषेचन के दौरान एक नर युग्मक को छोडा जाता है
(2) यह एक बीजाण्ड के भीतर उपस्थित होता है
(3) यह मादा युग्मकोद्भिद को प्रदर्शित करता है
(4) इसका निर्माण अर्द्धसूत्री विभाजन से पहले होता है

Q.16 निम्नलिखित में से कौन–सा कथन **सही** है ? **[NEET – 2018]**
(1) अनावृतबीजियों में बीजाण्ड अण्डाशय भित्ति द्वारा परिबद्ध नहीं होते है।
(2) *सिलेजिनैला* विषमबीजाणुक है, जबकि *साल्वीनिया* समबीजाणुक है।
(3) *हॉर्सटेल्स* अनावृतबीजी हैं।
(4) *साइकस* और *सिड्रस* दोनों में सामान्यतः तने अशाखित होते हैं।

Q.17 निम्नलिखित में से कौन–सा गलत रूप में सुमेलित है? **[NEET – 2018]**

(1) एककशाभिक युग्मक	-	*पॉलिसाइफोनिया*
(2) द्विकशाभिक चलबीजाणु	-	भूरे शैवाल
(3) जेमाकप	-	*मार्केशिया*
(4) एककोशिकीय जीव	-	*क्लोरेला*

Q.18 सपक्षपरागकण किसके होते है ? **[NEET – 2018]**
(1) सरसों (2) *साइकस*
(3) आम (4) *पाइनस*

Q.19 उद्विकास दृष्टिकोण से विकासशील युवा भ्रूण के साथ मादा युग्मकोद्भिद पैतृक बीजाणुद्भिद पर कुछ समय के लिए पहले देखा जाता है। **[NEET – 2019]**
(1) लिवरवर्ट (2) मॉसेस
(3) टेरिडोफाइट्स (4) अनावृतबीजी

Q.20 *पाइनस* बीज कवक के सहजीवी संबन्ध के बिना अंकुरित और स्थापित नहीं हो सकता ऐसा इसलिए है क्योंकि **[NEET – 2020]**
(1) इसका भ्रूण अपरिपक्व है
(2) इसका कवकमूल के साथ अविकल्पी सम्बन्ध है
(3) इसमें बहुत कठोर बीजावरण होता है
(4) इसके बीजों में अवरोधक होते है जो अंकुरण को रोकते है।

Q.21 निम्नलिखित में से कौनसा एककोशिकीय शैवाल का युग्म है ? **[NEET – 2020]**
(1) *जिलीडियम और ग्रेसिलेरिया*
(2) *एनाबीना और वॉल्वॉक्स*
(3) *क्लोरेला तथा वॉल्वॉक्स*
(4) *लेमिनेरिया तथा सारगैसम*

Q.22 फ्लोरिडन स्टार्च किसके समान संरचना है **[NEET – 2020]**
(1) एमाइलोपेक्टिन तथा ग्लाइकोजन
(2) मेनिटॉल तथा एल्जिन
(3) लेमिनेरिन तथा सेलुलोज
(4) स्टार्च सेलुलोज

Q.23 शंकु/स्ट्रोबिलस पाया जाता है ? **[NEET – 2020]**
(1) *टेरिस* (2) *मार्केन्शिया*
(3) *इक्वीसीटम* (4) *साल्विनिया*

Q.24 नर तथा मादा युग्मकोद्भिद एक दूसरे स्वतंत्र नहीं होते है? **[Covid Re-NEET-2020]**
(1) शैवाल (2) आवृतबीजी
(3) ब्रायोफाइटस (4) टेरिडोफाइट्स

Q.25 फाइकोइरिथ्रिन एक मुख्य वर्णक है ? **[Covid Re-NEET-2020]**
(1) नील हरित शैवाल का (2) हरे शैवाल का
(3) भूरे शैवाल का (4) लाल शैवाल का

Q.26 अनावृतबीजी के संदर्भ में निम्न लिखित में से असत्य कथन कौनसा है ? **[Covid Re-NEET-2020]**
(1) नर तथा मादा युग्मकोद्भिद स्वतंत्र जीवी होता है
(2) अधिकांश में मोटी उपत्वचायुक्त छोटी पत्तियाँ होती है।
(3) इनका बीज आवरित नहीं होता है
(4) ये विषमबीजाणुक होते है

Q.27 कुछ वंश जैसे की *सिलेजिनैला* और *साल्विनिया,* दो प्रकार के बीजाणु उत्पादित करते हैं। ऐसे पादपों को क्या कहा जाता है ? **[NEET – 2021]**
(1) होमोसोरस (2) हेटेरोसोरस
(3) समबीजाणु (4) विषमबीजाणुक

Q.28 निम्नलिखित में से कौनसा पादप उभयलिंगाश्रयी है ? **[NEET 2021]**
(1) *कैरिका पपाया*
(2) *कारा*
(3) *मार्केशिया पोलिमार्फा*
(4) *साइकस सर्सिनेलिस*

Q.29 निम्नलिखित में से किस शैवाल में संचयी खाद्य के रूप में मैनीटोल होता है ? **[NEET 2021]**
(1) *एक्टोकार्पस* (2) *ग्रासिलेरिया*

(3) *वॉल्वॉक्स* (4) *यूलोथ्रिक्स*

Q.30 निम्नलिखित में से कौनसे शैवाल कैरागीन उत्पन्न करते है ? **[NEET 2021]**

(1) हरित शैवाल (2) भूरे शैवाल
(3) लाल शैवाल (4) नील–हरित शैवाल

Q.31 निम्नलिखित में से कौन सा गलत सुमेलित है? **[NEET-2022]**

(1) *एक्टोकार्पस* – फ्यूकोजेंथिन
(2) *यूलोथ्रिक्स* – मैनिटोल
(3) *पोरफायरा* – फ्लोरिडियन स्टार्च
(4) *वोल्वॉक्स* – स्टार्च

Q.32 हाइड्रो कोलाइड कैरागीन से प्राप्त किया जाता है **[NEET-2022]**

(1) क्लोरोफाइसी और फियोफाइसी
(2) फियोफाइसी और रोडोफाइसी
(3) केवल रोडोफाइसी
(4) केवल फियोफाइसी

Q.33 पौधे का उसके द्वारा प्रदर्शित जीवन चक्र से मिलान कीजिए। **[NEET-2022]**

सारणी–I		सारणी–II	
(A)	*स्पाइरोगायरा*	(i)	प्रभावी द्विगुणित बीजाणुदभिद संवहनीय पादप, नर व मादा युग्मकोदभिद अत्यधिक अपहासित होते हैं।
(B)	*फर्न*	(ii)	प्रभावी अगुणित मुक्त रहने वाले युग्मकोद्भिद
(C)	*फ्यूनेरिया*	(iii)	प्रभावी द्विगुणित बीजाणुद्भिद एकांतर रूप से अपहासित युग्मकोद्भिद के साथ होता हैं जिसे प्रोथेलस कहते है।
(D)	*साइकस*	(iv)	प्रभावी अगुणित पर्णिल युग्मकोद्भिद एकांतरित रूप से बहुकोशिकीय बीजाणुद्भिद पर निर्भर नहीं होता हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(1) (A) – (iv), (B) – (i), (C) – (ii), (D) – (iii)
(2) (A) – (ii), (B) – (iii), (C) – (iv), (D) – (i)
(3) (A) – (iii), (B) – (iv), (C) – (i), (D) – (ii)
(4) (A) – (ii), (B) – (iv), (C) – (i), (D) – (iii)

Q.34 निम्नलिखित में से विषमबीजाणुक टेरिडोफाइट के युग्म को पहचानिए: **[NEET-2023]**

(1) *सिलेजिनेला* और *साल्विनिया*
(2) *साइलोटम* और *साल्विनिया*
(3) *इक्वीसीटम* और *साल्विनिया*
(4) *लाइकोपोडियम* और *सिलेजीनेला*

Q.35 नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A है और दूसरा कारण R हैं **[NEET-2023]**

अभिकथन: मॉस के युग्मकोद्भिद् जीवन चक्र की प्रथम अवस्था प्रोटोनिमा है।

कारण: बीजाणु कैप्सूल में उत्पन्न होते है और प्रोटोनीमा बीजाणुओं से सीधे ही विकसित होते है।

उपरोक्त कथनों के विषय में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर चनिए :

(1) A और R दोनों सत्य हैं R, A की सही व्याख्या नहीं करता है
(2) A सत्य है लेकिन R असत्य है
(3) A असत्य है लेकिन R सत्य है
(4) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है

Q.36 नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A है और दूसरा कारण R हैं **[NEET-2023]**

अभिकथन : अनावृतबीजी पादपों में परागकण सूक्ष्म बीजाणुधानी से मुक्त होते हैं और वायु धाराओं द्वारा ले जाए जाते हैं।

कारण: वायु धाराएँ परागकणों को स्त्रीधानी के मुँख पर ले जाती हैं जहाँ नर युग्मक मुक्त हो जाते हैं और पराग नली का निर्माण नहीं होता है।

उपरोक्त कथनों के विषय में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चनिए :

(1) A और R दोनों सत्य हैं R, A की सही व्याख्या नहीं करता है
(2) A सत्य है लेकिन R असत्य है
(3) A असत्य है लेकिन R सत्य है
(4) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही याख्या करता है

ANSWER KEY

NEET-FLASHBACK

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
Ans.	4	3	3	4	1	1	3	1	4	4	1	4	2	4	4
Que.	**16**	**17**	**18**	**19**	**20**	**21**	**22**	**23**	**24**	**25**	**26**	**27**	**28**	**29**	**30**
Ans.	1	1	4	3	2	3	1	3	2	4	1	4	2	1	3
Que.	**31**	**32**	**33**	**34**	**35**	**36**									
Ans.	2	3	2	1	4	2									

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR